10 खरब डॉलर तक पहुंचेगी यूपी की अर्थव्यवस्था : राष्ट्रपति

Sandeep Rastogi

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रॉडक्ट' (ओडीओपी) समिट का उद्घाटन किया। योजना के तहत 75 जिलों के 4,095 युवाओं को कारोबार के लिए 1006 करोड़ रुपये का कर्ज दिया जाएगा। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि यूपी की अर्थव्यवस्था में 10 खरब डॉलर तक पहुंचने की क्षमता है। इस मौके पर (बाएं से दाएं) प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राज्यपाल राम नाईक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सूक्ष्म एवं लघु उद्यम मंत्री सत्यदेव पचौरी भी मौजूद थे। (इनसेट) राष्ट्रपति ने प्रदेश के विशिष्ट उत्पादों की प्रदर्शनी का भी जायजा लिया। ▸▸ पेज 2

25 लाख नौकरियां मिलेंगी 5 साल में

समारोह में सीएम योगी ने बताया कि ओडीओपी योजना के तहत 5 साल में यूपी के लोगों को 25 लाख नौकरियां मिलेंगी। 5 साल में कुल 25,000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना भी लाएगी।

1800-1800-888

है ओडीओपी योजना का टॉल फ्री नम्बर